बहुभाषी मासिक अख़बार
RNI NO.: UPMUL/2023/90347
सदा-ए-बुलंद
हमारी क़लम इन्साफ़ तक...
शाहजहाँपुर से प्रकाशित
वर्ष :03 अंक: 15 06 शाहजहाँपुर से तीनों ज़ुबानों हिन्दी, ऊर्दू, इंग्लिश एक साथ पहली बार शहजहाँपुर मार्च 2026 पृष्ठ.8 मूल्य : 5 रूप्ये

आलमं ए इस्लाम को अल– मुश्किल कुशा खानकाह नेशनल तंजीम व सदा ए बुलंद अख़बार एजेंसी की टीम की तरफ से ईदुल फितर की बहुत बहुत मुबारक बाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधान संपादक – हकीम मौलाना शाह शेख़ मो. बहार ए आलम कादरी रजवी हेड आफिस मो. मामूड़ी शाहजहांपुर उ.प्र. राब्ता नं -9565100392

भारत में पहला मुआमला, हरीश राणा को कोर्ट ने दी इच्छा मृत्यु की मंजूरी

(गाजियाबाद / सदा ए बुलंद न्यूज)

बहुत ही दुखद और विचलित कर देने वाला देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई व्यक्ति अपने जीवन से इतना परेशान हो गया कि उसके अपने परिवार वाले भी इच्छा मृत्यु देने में सहमत हो गए।गाजियाबाद जिले के राजनगर एक्सटेंशन स्थित राज एंपायर सोसाइटी के निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर परोक्ष इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) के लिए एम्स दिल्ली के पैलिएटिव केयर विभाग में गोपनीय तरीके से शिफ्ट कर दिया गया है। यह पूरी कार्रवाई सीएमओ की देखरेख में की गई यह भारत में पहला ऐसा मामला है जहां सुप्रीम कोर्ट ने किसी व्यक्ति को इच्छामृत्यु की अनुमति दी है।

हरीश वर्ष 2013 में चंडीगढ़ में एक हादसे में चौथी मंजिल से गिरने के बाद स्थायी वेजिटेटिव स्टेट में हैं। पिछले 13 वर्षों से वे अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़े हुए हैं और लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर निर्भर हैं। उनके माता–पिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर लाइफ सपोर्ट हटाने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है।

एम्स की मेडिकल रिपोर्ट में भी हरीश के ठीक होने की कोई संभावना नहीं बताई गई थी। अब एम्स में पैलिएटिव केयर में भर्ती कर लाइफ सपोर्ट (फूड पाइप आदि) धीरे–धीरे हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी ताकि प्राकृतिक रूप से गरिमापूर्ण अंतिम विदाई दी जा सके।

बताया जा रहा कि उन्हें गाजियाबाद से एम्स तक एक ऐसे वाहन में लाया गया जिसमें एंबुलेंस की सुविधाएं तो थीं लेकिन बाहर से कोई प्रतीक नहीं था। डॉक्टरों का कहना है कि हरीश राणा को एम्स लाने में जीवन रक्षक प्रणाली की जरूरत नहीं थी। सिर्फ पाइप के साथ आरामदायक तरीके से एम्स तक लाना था। इसलिए ऐसे वाहन का चयन किया गया ताकि उन्हें लाने में किसी तरह की दिक्कत या प्रचार न हो।

ऐसा ही सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था। पैलिएटिव केयर सेंटर के डाक्टरों को इस बारे में किसी से भी से मना कर दिया गया है। जो भी जानकारी होगी वह एम्स के निदेशक कार्यालय की तरफ से जारी की जाएगी।

ईरानी मिसाइलें इजरायल के लिए बनी कहर ,एक मिसाइल 10 किलोमीटर में फट रही है

(सदा ए बुलंद न्यूज) इजरायल ईरान के बीच चल रहे भीषण युद्ध में एक से बढ़कर एक आधुनिक तकनीक के मिसाइल दागे जा रहे हैं।

IDF के प्रवक्ता ने बताया कि ये मिसाइलें हवा में ही फट जाती हैं और 10 किलोमीटर के दायरे में दर्जनों छोटे बम बिखेर देती हैं। ईरानी मिसाइलों से 'क्लस्टर बमों की कयामतः IRGC ने शुरू की 37वीं लहर, IDF के खुलासे से मची वैश्विक खलबली।

ईरान और इजराइल के बीच का युद्ध अब मानवीय संवेदनाओं और

अंतरराष्ट्रीय नियमों की सीमा लांघ चुका है। इजराइली सेना (IDF) ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि ईरान द्वारा हाल ही में दागी गई 300 बैलिस्टिक मिसाइलों में से लगभग आधी (50:) क्लस्टर बमों (Cluster Warhead) से लैस थीं। प्ल्ळ६ का हमलारू ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (IRGC)ने मंगलवार रात हमलों की 37 वीं लहर शुरू की, जो लगातार तीन घंटे तक जारी रही।

इस हमले में केवल इजराइल ही नहीं, बल्कि बहरीन में स्थित अमेरिकी नौसेना के 5 वें बेड़े (Fifth Fleet) और इराकी कुर्दिस्तान के एरबिल को भी निशाना बनाया गया।

गैस सिलेंडर ब्लैकमेल पर मुख्यमंत्री योगी के अधिकारियों से खत्म निर्देश,होगी कार्यवाही

(सदा ए बुलंद न्यूज) आप अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं तेल–गैस की किल्लत की अफवाह पर सख्त
ब्ड योगी के सभी क्ड, पुलिस कप्तानों को निर्देश कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं–अफवाह फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे–
सीएम योगी के निर्देश के बाद मॉनिटरिंग तेज पुलिस मुख्यालय और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग सोशल मीडिया पर रखी जा रही है पैनी नजर अफवाह फैलाने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई जिलों की पुलिस पेट्रोल पंप पर नजर रखें। आपूर्ति विभाग गैस की दुकानों का सर्वे करें उच्च अधिकारी, जिला प्रशासन को गैस दुकानों में निरीक्षण के निर्देश गैस का अवैध भंडारण करने पर होगी सख्त कार्रवाई।

आशीष इण्डेन गैस सिलेंडर ब्लैक में बेच रहा था,तत्काल हुई जेल, एजेंसी सीज

(रिपोर्ट – लल्लू शर्मा सदा ए बुलंद / गोरखपुर) पवन वर्मा गोरखापुर इलाका पीपीगंज में आशीष इण्डेन गैस सर्विस के नाम पर एजेंसी का मलिक है। आपदा में अवसर की तलाश करते हुए इसने एक सिलेडर दो हजार में बेचना शुरू कर दिया लेकिन गोरखपुर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए इसे जेल भेजा और एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया ऐसे ही गोरखपुर के नौसढ में एक गैस एजेंसी के मलिक कन्हैया वर्मा पर घटतौली अवैध भंडारण व ओवर रेटिंग के लिए F I R की गयी है ।आप सब से अपील है कि ऐसे घोटाले बाजों को एक्सपोज करिए अगर कोई हॉकर ज्यादा पैसे लेता है तो उस को एक्सपोज करिए और अपनी शिकायत दर्ज करवाईए सरकार के सख्त निर्देश हैं कि आपदा में कोई एजेंसी अवैध रूप से कालाबजारी करता पकड़ा गया तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

ये मुल्क आपके बाप का नहीं है... संभल के सी ओ पर भड़के असदउददीन ओवैसी

(संभल / सदा ए बुलंद न्यूज) असदुद्दीन ओवैसी ने संभल में तैनात CO पुलिस अधिकारी कुलदीप कुमार के एक वायरल वीडियो पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। इस वीडियो में सीओ कुलदीप कुमार कथित तौर पर जुमे की नमाज और ईरान के समर्थन में होने वाले प्रदर्शनों को लेकर सख्त चेतावनी देते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति सड़क पर अराजकता फैलाने या किसी विदेशी मुद्दे के समर्थन में प्रदर्शन करेगा, तो पुलिस उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। जो ईरान का समर्थन करते हैं वो ईरान चले जाएं... और नमाज के बारे में बोला कि सीमित नमाजी ही नमाज पढ़े सड़कों पर नमाज पर सख्त कार्रवाई करने को कहा।सीओ के इस बयान के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। ओवैसी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यह संविधान के अनुसार चलता है, न कि किसी व्यक्ति की मर्जी से। उन्होंने सवाल उठाया कि किसी को यह कहने का अधिकार नहीं है कि लोग इस देश को छोड़कर कहीं और चले जाएं। उनके मुताबिक, हर नागरिक को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन कानून और व्यवस्था बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।

ओवैसी ने अपने बयान में यह भी कहा कि देश में किसी भी मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार लोगों को है, लेकिन पुलिस और प्रशासन को अपने शब्दों और कार्रवाई में संतुलन बनाए रखना चाहिए।

संपादक की कलम से...

बहार मोहम्मद उर्फ शेख़ मौलाना शाही बहार-ए-आलम कादरी रिज़वी

ख़ादिम ए इस्लाम–शेख़ मौलाना शाही (सदा ए बुलंद न्यूज) प्रोफेशनल भिखारी और जकात मफिया बस बैग पैक कर रहे होंगे रूट तय कर चुके होंगे, और कुछ तो निकल भी चुके होंगे दिल्ली मुंबई बैंगलोर कलकत्ता की और तुम्हारी जकात ठगने चंद जज़्बाती लाइन फोटो के साथ ऑनलाइन QR Facebook instagram पर सरकुलेट होना शुरू हो जाएँगे या हो भी चुके होंगे, लेकिन अपनी जकात अपने हाथ से मुस्तहिक तक पहुंचाए, वो मुस्तहिक आपका रिश्तेदार भी हो सकता है , आपका पड़ोसी भी हो सकता है और अपने इलाके शहर जिले गांव में नजर डालिए और तलाश कीजिए कौन हक़दार है तुम्हारी जकात का।

जकात के पैसे से आप उनको रोजगार करवा दो:–अगर किसी पर वक्त की मार से कर्ज हो गया उसका क़र्ज अदा कर दो , बुरे कामो से क़र्ज ना हुआ हो (जुआ शराब मजब), जिस औरत का शौहर नही है उस बेवा का घर ख़स्ता हाल है, तो उसकी मरम्मत करवा दो अगर हो सके तो बनवा दो, जिन बच्चों का बाप नही है उन यतीमों के स्कूल फीस भर दो सालभर की ख़ुद जाकर या कोई गुरबत जदा परिवार है उन बच्चों की भी फीस भरदो पूरे साल की, जो बच्चे कॉलेज में मेहनत कर रहे हैं घर के हालत ऐसे नही हैं जो पढ़ाई का खर्च उठा सकें बच्चे नेक और मुख़लिस हैं उनकी मदद करो उनकी सालाना यूनिवर्सिटी की फीस भरवाओ ताकि वो कुछ बन सकें और आगे क़ौम ख़दिमद कर सके अपने इल्मो हुनर से ।

तुम साल–दर–साल प्रोफेशनल भिखरियों को जकात दे रहे हो और हालात जस के तस हैं। तुम चंदा खोर फर्जी मदरसों को जकात दे रहे वो ख़ुद भी चंदा खा रहे और उघा रहे बच्चों को भी चंदे की रसीद पकड़ा कर उन्हें भी चंदा माँगना सीखा रहे, जो अच्छे मदरसे दीन की ख़दिमत कर रहे हैं वो कहीं चंदे की रसीद लेकर नही जाते अल्लाह उनके पास अपने बंदे ख़ुद भेज देता है बंदमुट्ठी से मदद कर आते हैं और 100 /50/ 30 सालों से ऐसे ही वो मदरसे चल रहे हैं, जकात ऐसों को दो जो आइंदा साल में ख़ुद जकात देने वालों में शुमार होने का



जज़्बा रखता हो , जकात का आदि ना बन जाए

हमारी टीम हर इलाके में निगरानी और तहकीकात में हैं। अपनी जकात अपने इलाके में ही लगा दें आपके इलाके के मुस्लमानों की गुरबत दूर हो जाएगी!

राब्ता करिए आपका ताअवुन अच्छी जगह पहुंचेगा:–आपको बताता चलूं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बानी ए अल–मुश्किल ख़ानक़ाह नेशनल तंजीम शेख़ मौलाना शाही मो. बहार ए आलम कादरी रजवी ने अपनी टीम के साथ दशकों से कुल मुल्क में राज्यों शहर–शहर कस्बों गांव– गांव में जाकर इल्म ए फरोग और ईमान ए बेदारी मुहिम मीटिंग आल इंडिया मिशन जारी रखें हुए हैं जिसके नताइज और कोशिशें मेहनतों से आज लाखों लोग बेदार हुए हैं। और हजारों यतीमों बेवाओं मजलूमों गरीब गुरबाओं को पोशिदा मदद पहुंचाई गई है। शिक्षा संस्थान खोले जिसमें वह बच्चे पढ़ रहे हैं जो तिराहे चौराहे पर गाली गलौज करते फिरते थे। अभी हाल ही में एकड़ों जमीन पर ग्राम कटिया बुजुर्ग शाहजहांपुर में इदारे की तामीरी काम चल रहा है जो जिसमें मार्च से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। आपसे अजीजाना गुजारिश है कि आप अपनी जकात फितरा, ज़दक़ा ताअवुन अल मुश्किल कुशा खानकाह नेशनल तंजीम में जरूर जमा करें तंजीम की टीम जरुरत मंदों को ही चुनकर उनको मदद पहुंचाती है। सोसायटी की खिदमत ए ख़ल्क़ वेबसाइट पर देख सकते हैं।

की खिदमत ए ख़ल्क वेबसाइट पर देख सकते हैं। (almushkilkusha-com)

आप अपना ताअवुन QR code nomber 6392370824 पर कर सकते हैं या खानकाह पता – मोहल्ला बारादरी शाहजहांपुर उ प्र में जाकर रसीद कटवा सकते हैं। इस नंबर पर राब्ता करें –9565100392.

लखनऊ में 13 साल के बच्चे को उसके ही दोस्तों ने गोली मारी

गोली धोखे से चली या जानबूझ कर मारी गई, सवाल ये है के नाबालिग बच्चे के पास रिवाल्वर आई भी तो कैसे...

(रिपोर्ट– खालिद ख़ान सदा ए बुलंद न्यूज लखनऊ) लखनऊ में एक बड़ी घटना हुई है। पूरा मामला ये है कि...लखनऊ के सरोजनी नगर में जमीर खान रहते हैं। उनकी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। उनका बेटा उनैज शहर के प्रतिष्ठित स्टेलामेरी स्कूल में सातवीं जमात में पढ़ता था।

पास में ही कृष्णा नगर के बालाजी कॉम्प्लेक्स में संजीव त्रिपाठी रहते हैं। उनके बेटे से उनैज की दोस्ती थी। कल उसी बच्चे का बर्थडे था। वो अपने दूसरे साथियों के साथ उनैज के घर पहुंचा, उसे ले जाने के लिए। उनैज ने रोजा रखा था, इसलिए जमीर खान ने जाने से मना किया। बाद में बेटे की जिद के आगे मान गए। भेज दिया।

शाम 07:30 बजे संजीव त्रिपाठी ने जमीर खान के व्हाट्सएप नंबर पे कॉल किया, बताया के तुम्हारा बेटा लोकबंधु अस्पताल में है। जल्दी आ जाओ। जमीर भाग कर पहुंचे, लेकिन बच्चे से नहीं मिलने दिया गया। थोड़ी देर बाद पुलिस ने बेटे को दिखाया, वो मरा हुआ था। उसके सिर में गोली लगी थी।

अब जानिए संजीव त्रिपाठी कौन हैं...

संजीव त्रिपाठी यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साले हैं। संजीव त्रिपाठी के बड़े भाई गुड्डू त्रिपाठी भाजपा से एमएलसी रह चुके हैं।

अब जमीर कहते हैं, कि संजीव त्रिपाठी को ब्रजेश पाठक के साले होने कि वजह कर मर्डर को एक्सीडेंट बताया जा रहा है। पुलिस इसे दुर्घटना बताकर केस को रफाद करने का दबाव बच्चे के परिवार वालों पर कर रही है। हालांकि पुलिस ने संजीव त्रिपाठी उनकी पत्नी, गाड़ी का ड्राइवर और कार में सवार तीन नाबालिग पर रिपोर्ट दर्ज की है।

जमीर कहते हैं, मेरा बेटा रोजा से था। वो कहते हैं, कनपटी पे गोली हादसे में कैसे लगी होगी, उसे पकड़ कर मारा गया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

'छात्र पर धारदार हथियार से हमला गंभीर हालत में भर्ती'

रिपोर्ट: खालिद ख़ान शाहजहांपुर(सदा ए बुलंद न्यूज) परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र पर कुछ युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार शाम कनोइजिया अस्पताल के पास की बताई जा रही है। घायल छात्र की पहचान हिमांशु तिवारी के रूप में हुई है। वह चौक कोतवाली क्षेत्र की तीन खंभे वाली गली का निवासी है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले हिमांशु का कुछ युवकों से विवाद हुआ था, जिसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी भी हुई थी। सोमवार को जब हिमांशु परीक्षा देकर वापस लौट रहा था, तभी कनौजिया अस्पताल के पास पहले से घात लगाए युवकों ने उसे घेर लिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। लहूलुहान हालत में हिमांशु सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस की मदद से घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच की जा रही है और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया

(शाहजहांपुर/सदा ए बुलंद न्यूज) 'विज्ञान में महिलाएंरू विकसित भारत को उत्प्रेरित करना' विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में किया गया, जहां बच्चों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्व बताकर विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया और विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अंशिका मौर्य प्रथम, रोली द्वितीय और मीना तृतीय स्थान पर रही. वहीं रीना, कोमल, शांति, सोहनी, सोनी मौर्य को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए. पुरस्कार वितरण के पश्चात विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रुफिया खान ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, भौतिक विज्ञानी सी.वी. रमन द्वारा 1928 में रमन प्रभाव की खोज का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है , जिसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार मिला था ।

इस वर्ष के विषय मे एक विकसित भारत के निर्माण में महिला वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों के योगदान पर जोर दिया है और अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विज्ञान, गणित और गणित क्षेत्रों में उनके प्रयासों को महत्व दिया गया है । यह विषय विज्ञान में महिलाओं और बालिकाओं के अंतर्राष्ट्रीय दिवस जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के अनुरूप है , जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है और वैज्ञानिक अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाता है।

कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक अंजित गौतम, अरुण पाल और शाफिया अमीन का योगदान रहा. इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया.

सेहत -ए- सलाह

हर रोग की रामबाण दवा अरंडी का तेल, हैरतअंगेज कारनामे...

सदा ए बुलंद न्यूज)

गांव में अरंडी के पौधे आज भी हर कहीं उगे हुए देखे जा सकते है... गांव के लोग अरंडी को बहुत अच्छे से जानते है, जब भी कभी मोच आ जाती हैं अरंडी के पत्ते सबसे पहले याद आते है... वैसे अब स्थिति बदली हैं, जरा सा कुछ होने पर भी डॉक्टर,मेडिकल पर टूट पड़ते है...हमनें अपनी स्थिति भले ही बदल ली हैं लेकिन पौधे ने अपना गुण धर्म नही खोया है... आज शहरी जगत में हर कही Castor–वपस की चर्चा आपको सुनने को मिल जाएगी,उसके गुणों का बखान भी मिला जाएगा,,पर उसका सीधा इस्तेमाल कोई नही करता,ओर अधिकतर लोग पौधे को भी नही पहचानते.....अरंडी के तेल में पाए जाने वाले गुणों की वजह से यह स्वास्थ्य और सुंदरता दोनों में फायदा करता है। जानते

है अरंडी के तेल के फायदे

1.काले धब्बे साफ करेः–

अरण्डी का आयल और नारियल के तेल की कुछ बुँदे ले और इसे चेहरे के काले धब्बो पर लगाए इससे काले धब्बे मिट जाएंगे।

2.गठिया रोग मेंः–

गठिया रोगी व्यक्ति की अरंडी के तेल से मालिश करने पर उसे दर्द में आराम होता हैं। यह मांसपेशियों के दर्द को कम करता है।

3.कब्ज में फायदाः–

कब्ज के लिए कैस्टर ऑयल का उपयोग कैसे करें तो इसके लिए आधा चम्मच तेल एक कप गर्म दूध में मिलाकर पियें।

4. बालों के लिएः–

इस तेल को बालों की सुंदरता और बालों की समस्या के लिए प्रयोग किया जाता है। बालों में अरंडी का तेल लगाने से बाल चमकदार, लम्बे, घने होते है। इससे बालों का रूखापन और डैंड्रफ भी खत्म हो जाती है।

5.पेट की चर्बी कम करेः–

हरे अरंड की २० – ५० ग्राम जड़ ले इसे धोकर कूट ले। अब २०० मिली पानी में पका ले। ५० मिली रह जाने पर इसका सेवन करे इससे पेट कम होगा।

6. पाइल्स से छुटकाराः–

20 से 30 मिली अरंड के पत्ते का काढ़ा बनाकर 25 मिली एलोवेरा के रस में मिलाकर सुबह शाम पीने से पाइल्स में लाभ होगा।

7. किडनी की सूजन कम करने में सहायकः–

किडनी की सूजन को कम करने में अरंड की मींगी को पिसे। इसे गर्म करके पेट के आधे भाग में लेप करे सूजन में आराम होगा।

8.आँखों मेंः–

अरंडी के तेल की कुछ बुँदे ले और आँखों के आसपास हल्की मालिश करे इससे आँखों की सूजन में आराम होगा।

9. झुर्रिया मिटायेः–

यह मॉइश्चराइजर की तरह काम करता है जो समय से पहले आने वाले बुढ़ापे को रोकता है और झुर्रियों को खत्म करता है।

10.साइटिका के दर्द को कम करेः–

यह साइटिका के दर्द को कम करने में मदद करता है।

11. मासिक विकार में राहत :–

पीरियड्स में होने वाले दर्द से छुटकारा पाने के लिए अरंड के पत्ते गर्म करके पेट पर बाँधने से लाभ होता है।

12. मस्से के लिएः–



एलोवेरा रस में अरंडी का तेल मिलाकर लगाने से मस्सों की जलन में राहत मिलती है।

13.शरीर की मालिश –

बॉडी मसाज के लिए इस तेल का उपयोग कर सकते है इससे बॉडी पर चमक आती है।

हकीमः शेख मौलाना शाही

हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण संपन्न

(शाहजहांपुर/सदा ए बुलंद न्यूज) उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देशानुसार जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन–ए–हज का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम पुराना जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सकों की टीम द्वारा सभी हज यात्रियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक टीके लगाए गए।

चिकित्सा टीम में डॉक्टर शोएब अली चिकित्सा अधिकारी, मोहम्मद जावेद, अहमद सिद्दीकी, जहीम खान एवं स्टाफ नर्स पिंकी, शालिनी शर्मा, स्नेहा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी ने मौजूद रहकर टीकाकरण किया और पोलियो की दवा पिलाई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी पी श्रीवास्तव ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, खान–पान, स्वच्छता तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी।

इस अवसर पर कुल 67 हज यात्रियों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की गई थीं, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

इस मौके पर मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपूरा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, मोईन खान, शारिक अली खान, साजिद अली खान, अब्दुल कादिर खान, निफासत अली खान, सविहा सुल्ताना, गुलाम कादिर, हज ट्रेनर मोहम्मद मशकूर खान आदि मौजूद रहे

13 दिन ICU में रहने पर भी आक्सीजन पर 12 वीं की परीक्षा देने पहुंची छात्रा,हौसले को सलाम

(सदा ए बुलंद न्यूज) चंडीगढ़ के मनीमाजरा में इन दिनों एक नाम हर जुबान पर है–कनिष्का बिष्ट। 17 साल की यह छात्रा केवल 12वीं की परीक्षा देने नहीं पहुंची थी, वह हौसले की ऐसी मिसाल बनकर आई थी, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को हैरान कर दिया। दरअसल कुछ दिन पहले तक कनिष्का अस्पताल के आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रही थी। खांसी–जुकाम से शुरू हुई बीमारी ने गंभीर रूप ले लिया और निमोनिया में बदल गई। हालत इतनी बिगड़ी कि उसे आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। दस दिन तक वह बेहोश रही। परिवार के लिए हर पल चिंता और अनिश्चितता से भरा था। 13 दिन तक आईसीयू में रही इस बेटी के लिए

सबसे बड़ा सवाल यही था–क्या वह अपना 12वीं का बोर्ड एग्जाम दे पाएगी?

लेकिन जब कनिष्का को होश आया, तो उसकी पहली जिद किताबों और परीक्षा को लेकर थी। उसने अपने पिता से साफ कहा–"मुझे एग्जाम देना है।" यह केवल एक परीक्षा नहीं थी, यह उसके सपनों की परीक्षा थी। बचपन से दिव्यांग रही कनिष्का ने पहले भी कई चुनौतियों का सामना किया था, मगर इस बार लड़ाई जिंदगी और भविष्य दोनों से थी।

शुक्रवार को फिजिक्स का पेपर था। अस्पताल से सीधे परीक्षा केंद्र तक का सफर आसान नहीं था। ऑक्सीजन सपोर्ट, व्हीलचेयर और जरूरी मेडिकल उपकरणों के साथ जब वह सेंटर पहुंची, तो हर नजर उसी पर ठहर गई। कमजोर शरीर, लेकिन आंखों में अडिग विश्वास–जैसे वह कह रही हो कि हालात चाहे जितने भी कठिन हों, सपनों की उड़ान को रोका नहीं जा सकता।

25वीं तरावीह को हाफिज मो. मोईन ने अल मुश्किल कुशा तंजीम में कुरान मुकम्मल की

(सदा ए बुलंद न्यूज/शाहजहांपुर) अल–मुश्किल कुशा तंजीम मोहल्ला मामूड़ी नि. खंता वाली मजार में हाफिज मोहम्मद मुईन ने 25 दिनों से मुसलसल तरावीह में बेहतरीन आवाज में मुकम्मल कुरान सुनाई। जश्न ए मुकम्मल तरावीह में हाफिज को नकद रकम और तोहफों से नवाज़ा गया। इस दौरान शेख़ मौलाना शाही ने अपने बयान में कहा कि जिस तरह रमजान के पूरे महीने भर हर मुसलमान नमाजों के लिए मस्जिदों में लबालब भरा रहता है। काश इसी तरह रमजान के अलावा भी भरा रहे तो आज जो मुल्क में मुसलमानों की दुर्दशा हो रखी है ये न होगी। जो आज मुसलमान समाज में जलीलो ख्वार, रुसवाई, गुरबत, जुल्म,जलालत, तंगदस्ती और मोहताजी के शिकार हैं। इसकी सिर्फ व सिर्फ वजह नमाज और दीन दारी को छोड़ देना है। हर मुसलमान को हर काम से पहले और जरूरी नमाज पढनी होगी उसके बाद दुनिया के काम देखना चाहिए। हाफिजों ने महफिल में नात ख्वानी की और शेख़ मौलाना शाही ने तमाम बुजुर्गान ए दीन को अहसाले सवाब किया कौम और मुल्क में अमन चौन और सलामती की दुआ की।

महफिल में शेख़ मौलाना शाही मोहम्मद बहार ए आलम कादरी रजवी,पूर्व चेयरमैन तनवीर खां, एडवोकेट नेहाल खां, सीनियर क़ौमी खिदमतगार शाहजाद खान, मो. रेहान, डॉ मो. रजा, डॉ मो जावेद, डॉ मो निसार, मो. आसिफ, हाफिज बिलाल, हाफिज हसन, हाफिज सईद, हाफिज हसन रजा, हाफिज फुरकान, हाफिज शुऐब सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

एक नज़र में

जज ने सुनाई उम्र कैद की सजा, दोषी ने कटघरे में ही जज को मारने की दे दी धमकी

(सदा ए बुलंद न्यूज) बिजनौर जिले के ADJ निजेंद्र कुमार ने गाड़ी से कुचलकर एक शख्स को मारने वाले पिंटू चौहान और जयदीप को उम्रकैद की सजा सुनाई।

दोनों दोषियों ने कोर्ट रूम में ही जज को मारने की धमकी दे डाली। ये तक कहा कि हमें तेरे घर, गांव सबका पता है। जज साहब ने UP के गृह सचिव, DIG और जिला जज को चिट्ठी लिखी है। आगे आप समझदार हैं कि अपना देश सुरक्षित हाथों में है!

मेमोरियल पब्लिक स्कूल के एनुअल फंक्शन में बच्चों ने दिखाए हुनर

रिपोर्टः खालिद ख़ान (शाहजहांपुर/सदा ए बुलंद न्यूज)अर्चना वर्मा महापौर शाहजहांपुर ने कोठी उस्मान बाग, वाडूजई फर्स्ट, शाहजहाँपुर स्थित अमना मेमोरियल पब्लिक स्कूल के एनुअल फंक्शन में शामिल होकर छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा,अनुशासन और संस्कारों के साथ निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पहले होने वाले दामाद के साथ सास भागी अब बहनोई के साथ नकद और जेवर लेकर फ़ूचक्कर



(सदा ए बुलंद न्यूज) उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में करीब 10 महीने पहले एक महिला अपने होने वाले दामाद के साथ घर से भाग गई थी। इस मामले ने देश भर में सुर्खियां बटोरी थी। दोनों बिहार के सीतामढ़ी में रह रहे थे जहां दामाद राहुल कपड़ों का कारोबार करता है। अब इस केस में नया ट्विस्ट आ गया है। दामाद ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत की है कि सास अब अपने बहनोई के साथ फरार हो गई है। साथ ही दो लाख रुपये और गहने भी लेकर चली गई।

ट्रेन लेट होने से NEET का पेपर छूटा, रेलवे पर 9 लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया

(सदा ए बुलंद न्यूज) उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद में उपभोक्ता अदालत ने रेलवे पर 9 लाख 10 हजार का भारी भरकम जुर्माना लगाया है. ये जुर्माना सात साल पहले 2018 में छात्रा समृद्धि की शिकायत पर लगाया गया था. उसने शिकायत की थी कि उसने ट्रेन में टिकट बुक किया था और वह ट्रेन ढाई घंटे से अधिक लेट थी, जिस कारण उसका नीट का पेपर छूट गया. उसकी सालों की तैयारी बेकार हो गयी.

बी जे पी पार्टी को अब वोट नहीं करेंगे

(सदा ए बुलंद न्यूज) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की ओर से जारी 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम 2026' ने देश के सवर्ण समाज में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। जिसके विरोध अशोकनगर में सवर्ण संगठनों विरोध शुरू करते हुए अपने बच्चों को साक्षी मानकर ऐसी शपथ ले ली कि जानकार बीजेपी में खलबली मच जाएगी। सवर्ण समाज के लोगों ने बीजेपी को वोट नहीं देने की कसम खाई है।

कलयुगी पिता ने फावड़ा से पत्नी की निर्मम हत्या कर खेली खूनी की होली

रिपोर्ट– लल्लू शर्मा **(सदा ए बुलंद न्यूज खजनी गोरखपुर)**होली के रंग हुए खून से लाल कलयुगी पिता ने फावड़ से पत्नी की निर्मम हत्या बच्चों के सामनें उजड़ गया घर गोरखपुर होली के रंग और खुशियों के बाच खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम माधुपार टोल डड़वा में दिल दहला देने वाली वारदात सामनें आई है कलयुगी पिता अशोक निषाद ने अपनी पत्नी नीलम की फावड़े से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी होली के दिन हुई इस स नसनी खेज घटना से पूरे गांव में मातम छा गया और इलाके में दहशत व सन्नाटा फैल गया जानकारी के मुताबिक पति–पत्नी के बीच– काफी समय से घरेलू कलह चल रही थी इसी विवाद ने मंगलवार के खूनी रूप ले लिया आरोप है कि गुस्से में आगबबूला अशोक निषाद ने फावड़ा उठाकर पत्नी नीलम पर ताबड़तोड़ वार कर दिए जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना सबसे पहले मृतक के बच्चों को हुई बताया जा रहा है कि सृष्टि निषाद (14 वर्ष) और सूरज निषाद (16 वर्ष) ने मां को लहूलुहान हालत में देखा तो चीख पुकार मच गई इसके बाद परिवार के लोगों को सूचना दी गई मृतका के पिता को उनके नाती ने फोन कर बताया कि पापा ने मम्मी की हत्या कर दी है सूचना मिलते ही खजनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने त्वीत काईवाई करते हुए आरोपी पति अशोक निषाद को गिरफ्तारी कर लिया है और उससे पूछ ताछ की जा रही है इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गई जहां एक ओर लोग रंग गुलाल से होली खेलने की तैयारी कर रहे थे वहीं दूसरी ओर इस वारदात ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया ग्रामीणों के मुताबिका परिवार में अक्सर निषाद होता था लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि मामला इतनी भयावह घटना में बदला जाएगा फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है वहीं मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ जाने के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

हिंदू लड़की वायरल गर्ल मोनालिसा ने फरमान खान से की शादी, सोशल पर हंगामा बरपा

(सदा ए बुलंद न्यूज)

प्रयागराज महाकुंभ के बाद वायरल गर्ल मोनालिसा की किस्मत सोने की तरह चमकी है। स्टारडम के साथ–साथ मोनालिसा अपने परिवार से दूर होती गई। अब अपने मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान से शादी से रचाकर वह सुर्खियों में है।मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के महेश्वर के वार्ड नंबर 9 में अपने कुनबे के साथ रहने वाली मोनालिसा उसे समय सुर्खियों में आई थी, जब वह प्रयागराज के महाकुंभ में वायरल हो गई थी। करीब चार दशक पहले तत्कालीन नगर परिषद ने पारदी समाज के लोगों के लिए एक बस्ती बसा दी थी, जिसमें मोनालिसा का जन्म हुआ। प्रयागराज महाकुंभ में मोनालिसा वायरल हुई और किस्मत पलट गई। अब वह अपनी शादी की वजह से चर्चा में है। मोनालिसा ने अपने मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान से शादी की है। आइए आपको बताते हैं फर्श से अर्श तक मोनालिसा कैसे पहुंची।पारदी समाज के लोग जगह–जगह हाट बाजार मेलों और विभिन्न प्रदेशों में घूम–घूम कर रुद्राक्ष और कंठी मालाएं बेचने का काम करते हैं। इसी तरह मोनालिसा उर्फ मोना भोसले की कहानी की भी शुरुआत हुई। मुश्किल से एक या दो कक्षा तक पढ़ी मोनालिसा को भी माल बेचने का धंधा वारसा में मिला था।

उर्दू साहित्यकार डा0 यूसुफ गौहर को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

(शाहजहांपुर /सदा ए बुलंद न्यूज) मशहूर उर्दू कहानीकार व शायर डा. यूसुफ गौहर की 15 वीं पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

रविवार को ऐमन जई जलाल नगर स्थित काशाना–ए–गौहर में उर्दू कहानीकार व शायर डा. यूसुफ गौहर की 15 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर हाफिज फिरासत उल्ला खां ने कहा कि यूसुफ गौहर एक शायर, कहानीकार, साहित्यकार और उर्दू पत्रिका उफुक ए नौ के सम्पादक होने के साथ–साथ एक मिलनसार और सहृदय व्यक्ति थे। शायर हमीद खिजर ने कहा कि यूसुफ गौहर बहुत नेक दिल और खुद्दार इंसान थे। वह नए लेखकों का उत्साहवर्धन करते थे। उर्दू जुबान व अदब से उन्हें बेपनाह मोहब्बत थी। शायर असगर यासिर ने कहा कि डा. यूसुफ गौहर ने उर्दू अदब की जो खिदमत की है, उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता साथ ही डॉक्टर युसूफ गौहर ने हमेशा समाज के उत्थान का सार्थक प्रयास किया है, डॉक्टर युसूफ गौहर ने उर्दू जबान ओ अदब के प्रचार प्रसार में बहुमूल्य योगदान दिया है। उन्हें अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया था। त्रैमासिक उफुक–ए–नौ के सम्पादक व शायर राशिद हुसैन राही ने कहा कि शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। अधिवक्ता इरशाद अली खां ने कहा कि यूसुफ गौहर ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का काम किया। इस अवसर पर हाफिज मेहराब हुसैन,अमानत उल्ला नूरी, कारी कलामुद्दीन मंजरी, हाफिज अयान रजा, हाफिज शाहनवाज खां, डा मोनिस खां, हाजी इस्माइल, इक्तिदार शब्बन, मुख्तार अली खां, सैय्यद तसव्वर हुसैन, हाफिज तहसीन रजा, हाफिज तस्लीम रजा, वसीम निजामी, मोहम्मद असद, वसीमुद्दीन, मुनव्वर अली खां, अब्दुल हन्नान, अदनान, आदिल खां, आरिफ हुसैन, परवेज अहमद, नवेद, जावेद, गुफरान खां, नईम अहमद, अफवान खां, जुनैद, मुहिउद्दीन, मुन्ना आदि मौजूद रहे।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होती सत्येन्द्र यादव राजू

रिपोर्ट –लल्लू शर्मा

(गोरखपुर/ सदा ए बुलंद न्यूज) जनपद गोरखपुर सिकन्दरपुर बलिया उत्तर प्रदेश निवासी सत्येन्द्र यादव राजू ने 77 वे गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जहाँ पूरा देश आजादी और संविधान के गोरव का उत्सव मना रहा वहीं मित्र सहायता परिवार के प्रबंधक सत्येन्द्र यादव राजू ने एक अनजान जरुरतमंद को जीवन दान देकर राष्ट्रसेवा की अनूठी मिसाल पेश की उन्होंने दुर्गावती हॉस्पिटल बड़हलगंज गोरखपुर स्थित ब्लड बैंक में पहुँचकर अपने जीवन का 21 वाँ स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर सत्येन्द्र यादव राजू ने कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होती और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है वे लंबे समय से धर्म मानवता और राष्टसेवा के लिए समर्पित रहते हैं।

عید الفطر کے مسائل فضائل۔ مسلمان یہ تہوار کیوں مناتے ہیں

اس کالم کا احترام کریں کوڑہ وغیرہ میں نہ ڈالیں

مولانا شاہی شیخ محمد بہار عالم رضوی قادری

(صدائے بلند نیوز) نبی کریم ﷺ جب ہجرت کر کے مدینہ پہنچے تو اہل مدینہ دو تہوار منایا کرتے تھے اور ان میں کھیل تماشے کرتے تھے۔ آپ نے ان سے پوچھا کہ یہ دو دن جو تم مناتے ہو ان کی کیا حقیقت ہے؟ انھوں نے عرض کیا کہ ہم جاہلیت میں یہ تہوار اسی طرح مناتے تھے تو آپ (ص) نے اپنے صحابہؓ سے فرمایا کہ اللہ نے تمھارے ان دو تہواروں کے بدلے میں ان سے بہتر دو دن تمھارے لیے مقرر کر دیے ہیں۔ (۱) عید الفطر (۲) عید الاضحی اس طرح ان دو عیدوں کی ابتدا ہوئی دو ہجری میں آپ (ص) نے صحابہ کرامؓ کو پہلی مرتبہ عید کی نماز پڑھائی۔ اب اگر دینی اور اسلامی روایات پر نظر ڈالی جائے تو پتہ چلتا ہے کہ عید الفط ر رمضان المبارک کے مہینے کے خاتمہ کی علامت ہے۔ اقوام عالم میں مسلمان عید کا تہوار بڑے مذہبی و دینی جوش و جذبے سے مناتے ہیں۔ رمضان المبارک کی رحمتیں، برکتیں اور مغفرتیں حاصل کرنے کے بعد امت مسلمہ کو بونس کے طور پر عید کا تحفہ دیا گیا ہے اور اس عید کے دن کی خوشی منانا مستحب کا درجہ رکھتا ہے۔ حدیث پاک میں ہے کہ نبی کریم ﷺ نے فرمایا: ''جس نے عیدین کی رات میں طلب ثواب کے لیے قیام کیا اس دن اس کا دل نہیں مرے گا جس دن لوگوں کے دل مرجائیں گے۔'' (ابن ماجہ) حضرت معاذ بن جبلؓ سے مروی ہے کہ ''جو پانچ راتوں میں شب بیداری کرے اس کے لیے جنت واجب ہو جاتی ہے۔ ذوالحج کی آٹھویں، نویں اور دسویں رات، چوتھی عید الفطر کی رات اور پانچویں شعبان المعظم کی پندرہویں رات جیسے شب برات''

عید کا مفہوم اور وجہ تسمیہ: عید کا لغوی مفہوم ہے ''لوٹنا''۔ اس نام کی وجہ تسمیہ اس دن کا ہر سال پلٹ کر آتا ہے۔ رمضان المبارک کی جسمانی و روحانی ریاضت کے نتیجے میں حاصل ہونے والی روحانی پاکیزگی اور خوشی کے ''عود'' کرآنے کی وجہ سے بھی اس دن کو عید کہا جاتا ہے۔ یہ ایک عظیم اور تاریخی دن ہے۔

عید الفطر کی حقیقت اور فضیلت

احادیث مبارکہ کی روشنی میں: عید رقص و سرود یا موج مستی کا نام نہیں بلکہ ہمارے دین میں عید کی بنیاد روح کی لطافت، تصفیہ قلب، تزکیہ نفس، طہارت، ایثار و ہمدردی، محبت و مودت، اتحاد و اتفاق اور خشوع و خضوع پر رکھی گئی ہے یعنی عید کا دن کوئی علامتی خوشی اور رسم و رواج کا دن نہیں بلکہ ایک دینی، مذہبی اور پاکیزہ تہوار ہے۔ رمضان المبارک میں کی جانے والی عبادتوں کے بدلے اور انعام کا دن ہے۔ عید الفطر کی رات کو ''لیلۃ الجائزہ'' اور عید الفطر کے دن کو ''یوم الجوائز'' یعنی انعامات اور بدلے کا دن کہا جاتا ہے۔ نبی کریم ﷺ نے اسے مذہبی تہوار قرار دیتے ہوئے فرمایا کہ ''بے شک ہر قوم کے لیے عید کا دن ہوتا ہے اور یہ ہماری عید کا دن ہے۔'' عید الفطر کے دن اللہ تعالیٰ فرشتوں کو گواہ بنا کر روزہ داروں کی مغفرت فرمادیتا ہے اور روزہ داروں کے گناہوں کو نیکیوں سے بدل دیتا ہے۔ چنانچہ لوگ عید کی نماز پڑھ کر عید گاہ سے بخشے بخشائے گھر واپس آتے ہیں۔

حضرت عبداللہ ابن عباسؓ سے مروی ہے کہ ''عید الفطر کی مبارک رات کو ''لیلۃ الجائزہ'' کہا جاتا ہے یعنی انعام کی رات۔ عید کے دن صبح کے وقت اللہ تعالیٰ اپنے فرشتوں کو زمین پر بھیجتا ہے۔ وہ زمین کی سب گلیوں اور راستوں پر کھڑے ہو جاتے ہیں اور مسلمانوں کو صدائیں لگاتے ہیں کہ اے امت محمد ﷺ! اس رب کی طرف چلو جو بہت زیادہ عطا کرنے والا ہے اور بڑے سے بڑے گناہ معاف کرنے والا ہے۔ پھر اللہ اپنے بندوں سے فرماتا ہے کہ اے میرے بندو! مانگو کیا مانگتے ہو؟ میری عزت و جلال کی قسم آج کے دن نماز عید کے اجتماع میں اپنی آخرت کے بارے میں جو سوال کرو گے وہ پورا کروں گا اور جو دنیا کے بارے میں مانگو گے اس میں تمھاری بھلائی فرماؤں گا۔ میری عزت کی قسم جب تک تم میرا لحاظ رکھو گے میں بھی تمھارے گناہوں کی پردہ پوشی کروں گا۔ میری عزت و جلال کی قسم میں تمھیں حد سے بڑھنے والوں کے ساتھ رسوا نہیں کروں گا پس اپنے گھروں کی طرف مغفرت یافتہ لوٹ جاؤ؟ تم نے مجھے راضی کر دیا اور میں تم سے راضی ہو گیا۔'' (الترغیب والترہیب)

اس حدیث مبارکہ سے عید الفطر کی فضیلت ہے کہ اس دن رب کی رحمت جوش پر ہوتی ہے اور ہر مانگنے والے کو عطا کیا جاتا ہے۔ اسی طرح ایک اور حدیث میں ہے کہ ''عید والے دن جب لوگ عید گاہ میں صف بستہ رب کے حضور حاضر ہوتے ہیں تو اللہ تعالیٰ اپنے فرشتوں سے پوچھتا ہے کہ اے فرشتو! ذرا یہ بتاؤ؟ کہ محنت سے کام کرنے والے مزدور کا معاوضہ کیا ہونا چاہیے؟ فرشتے عرض کرتے ہیں یا اللہ! معاوضہ یہ ہے کہ اس مزدور کی پوری مزدوری اسے دے دی جائے۔ اللہ فرماتا ہے کہ اے فرشتو! گواہ رہو میں اپنے نیک بندوں کو رمضان کے روزے اور راتوں کی نمازوں کے بدلے اپنی خوشنودی اور مغفرت سے مالا مال کرتا ہوں۔ یہ سن کر فرشتے خوش ہوتے ہیں اور امت کو بشارت دیتے ہیں۔'' (تذکرۃ الواعظین)

